दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 07 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 341

## चीन और पाक की हर चाल के खिलाफ भारत का फुलप्रूफ प्लान, इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड से सब पर नजर

**नई दिल्ली** । आरएनएस

सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के लिए बेहतर तालमेल के लिए मोदी सरकार इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सैन्य नेतृत्व चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर पर फोकस करते हुए नए थिएटर कमांड्स को अंतिम रूप दे रहा है। सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए अलग-अलग कमांड और कंट्रोल सिस्टम के साथ एक खाका तैयार किया है। इसे रक्षा मंत्री और अन्य अधिकारियों को दिखाया जा चुका है। अब सरकार को इस पर अंतिम फैसला लेना है। इस थिएटर कमांड के तहत किसी भी सीमा पर जमीन से लेकर आसमान तक सारे फैसले एक ही कमांडर लेंगे, यानी थल, वायु और नौसेना के लिए एक ही कमांडर होगा। अभी तक की योजना के अनुसार चीन से जुड़े मामलों के लिए एक उत्तरी थिएटर कमांड लखनऊ में स्थापित होगा।



वहीं, पाकिस्तान से जुड़े मामलों के लिए पश्चिमी कमांड जयपुर में होगा। इसी प्रकार, समुद्री इलाकों के लिए कमांड थिरुवनंतपुरम में स्थापित होगा। यह आजादी के बाद देश के सैन्य ढांचे में सबसे बड़ा बदलाव है। दरअसल, एकीकृत थिएटर कमान भारतीय सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में बेहतर समन्वय की योजना है, जिस पर सरकार रक्षा सुधारों के अंतर्गत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति के बाद से काम कर रही है। फिलहाल तीनों सेनाओं के लिए कुल 17 कमान बनाए गए हैं, जिसमें 7-7 कमान थल सेना और वायु सेना के हैं, जबकि 3 नौसेना के कमान हैं। आइटीसी के लागू होने के बाद हर कमान में तीनों सेनाओं के लिए एक ही एकीकृत थिएटर कमांडर होगा, जो कि सभी संसाधनों के लिए निर्णय लेने में सक्षम होगा।

## एनडीआरएफ ने बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में किया भूकंप आपदा पर मॉक अभ्यास

**वाराणसी** । आरएनएस



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने भूकंप आपदा परिदृश्य का परीक्षण करने के लिए बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में एक मॉक अभ्यास किया। यह अभ्यास, श्री अमित कुमार सिंह, कार्यवाहक कमांडेंट के नेतृत्व में किया गया, जिसमें 11वीं एनडीआरएफ की टीम ने हिस्सा लिया। इस मॉक अभ्यास के दौरान, मान लिया गया कि ट्रॉमा सेंटर की एक इमारत भूकंप के कारण ढह गई है, जिसमें पांच लोग फंसे हुए हैं। आपात प्रतिक्रिया केंद्र को इस घटना की जानकारी दी गई, और तत्परता से एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

टीम ने डॉक्टर पंकज गौरव (द्वितीय कमान अधिकारी, चिकित्सा) और श्री नवीन शर्मा (उप कमांडेंट) के नेतृत्व में प्रारंभिक मूल्यांकन किया। उन्होंने ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट और कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए।

रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरुआत की गई, जिसमें विभिन्न कटिंग उपकरणों का उपयोग किया गया। टीम ने गंभीर रूप से फंसे लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। इस मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ के साथ ट्रॉमा सेंटर के मेडिकल ऑफिसर और चिकित्सा कार्मिक तथा अन्य हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे आपातकालीन प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया की तैयारी को और सशक्त बनाया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुंबई में सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में लगी भीषण आग, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के मिल्स इलाके में मौजूद सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में भीषण भीषण आग लगी है। आग सुबह करीब 6:30 बजे लगी है। बिल्डिंग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। आग लगने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 9 गाडिय़ां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। फिलहाल आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। बता दें कि कमला मिल्स कंपाउंड में स्थित यह टावर एक व्यावसायिक इमारत है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बिल्डिंग से आग की लपटें उठ रही है। वहीं काले धुएं का गुबार देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल है।



### केन्या में एक स्कूल में लगी भयानक आग, जिंदा जले 17 छात्र, 13 गंभीर

**केन्या ।** केन्या के एक स्कूल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयानक थी कि यह देखते ही देखते फैल गई। जानकारी के अनुसार इस हादसे में करीब 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 से अधिक छात्र बुरी तरह से जख्मी बताए जा रहे है। जख्मी हुए छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। पुलिस की ओर से घटना की पुष्टि की गई है। लेकिन आग कैसे लगी अभी इसके बारे में पता नहीं लग पाया है।



### म्यांमार के यांगून में इस साल बस दुर्घटनाओं में 30 लोगों की मौत

**यांगून ।** म्यांमार के यांगून में इस साल पहले आठ महीने में बस दुर्घटनाओं में कुल 30 लोग मारे गए और 89 अन्य घायल हुए हैं। जनवरी, फरवरी, मार्च और मई में चार-चार, अप्रैल में दो, जून में तीन, जुलाई में सात और अगस्त में दो मौतें हुईं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यांगून बस सेवा (वाईबीएस) की बसों से जुड़ी दुर्घटनाओं में बसों से गिरना और बाइकों, निजी कारों, टैक्सियों और ट्रकों से टक्कर शामिल हैं। वाईबीएस एक बस परिवहन नेटवर्क है जो म्यांमार के वाणिज्यिक शहर यांगून में संचालित होता है। 131 मार्गों पर लगभग 3,800 बसों के साथ, यह नेटवर्क प्रतिदिन लगभग 14 लाख यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुशासनहीन बस चालकों को शिक्षित करने के लिए वाईआरटीसी ने आठ महीने के दौरान उनके लिए मासिक सडक़ सुरक्षा जागरूकता सेमिनार आयोजित किए। एक हजार 200 से ज्यादा ड्राइवरों ने सेमिनार में हिस्सा लिया।



## टिकट नहीं मिलने पर बबीता फोगाट का पहला रिएक्शन, लिखा- व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश

**नई दिल्ली** । आरएनएस

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल ही में 67 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इस बार पार्टी ने रेसलर बबीता फोगाट को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने बबीता फोगाट की जगह सुनील सांगवान को चरखी-दादरी विधानसभा सीट से टिकट दिया है। टिकट नहीं मिलने पर बबीता फोगाट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पहली प्रतिक्रिया दी।उन्होंने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में लिखा, व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश, यही है मेरी पार्टी का सभी को संदेश!!

बबीता फोगाट ने आगे लिखा, मैं अपने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के साथ खड़ी हूं। पार्टी की एक समर्पित कार्यकर्ता होने के लिहाज से संगठन द्वारा दी गई हर जिम्मेदारियों का आगे भी निर्वहन करूंगी। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र चरखी-दादरी की देवतुल्य जनता - जनार्दन का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मुझे अपनी बेटी और बहन की तरह सदैव अपना असीम प्रेम व आशीर्वाद दिया। मैं सदैव आपकी सेवा में आगे भी तत्पर रहूंगी। जय हिंद - जय भारत।

बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पहलवान बबीता फोगाट भाजपा में शामिल हुई थीं। भाजपा के टिकट पर उन्होंने चरखी- दादरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह चुनाव जीतने में सफल नहीं हो पाई थीं।

हाल ही में वीआरएस लेने वाले सुनील सांगवान को भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। वह अपने पिता की राजनीतिक कर्मभूमि रही चरखी-दादरी सीट से किस्मत आजमा रहे हैं।

हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : 5 लाख रोजगार, महिलाओं को 18 हजार रुपए... बीजेपी के संकल्प पत्र में कई बड़ी घोषणाएं

**श्रीनगर** । आरएनएस




जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी अपनी रणनीति को मजबूत कर लिया है। शुक्रवार को भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत के साथ-साथ अपना घोषणापत्र भी जारी किया। घोषणापत्र में कई प्रमुख घोषणाएं की गई हैं, जो इस प्रकार हैं-

**माँ सम्मान योजना :** साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे।

**शिक्षा सहायता :** स्कूली छात्रों को 10 हजार रुपए की कोचिंग फीस की सहायता दी जाएगी।

**कॉलेज छात्र सहायता :** कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**महिलाओं की आर्थिक सहायता :** घर की एक महिला को हर साल 18 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**टूरिज्म विकास :** जम्मू-कश्मीर को टूरिज्म स्पॉट बनाने के लिए राजौरी को विशेष टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

**आयुष हर्बल पार्क :** किश्तवाड़ में एक आयुष हर्बल पार्क बनाने की योजना है।

**तवी रिवर फ्रंट :** जम्मू में तवी रिवर फ्रंट के निर्माण का प्लान तैयार किया गया है।

**धारा-370 पर अमित शाह का बड़ा बयान-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणापत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया कि धारा-370 अब इतिहास बन चुकी है और इसे कभी वापस नहीं लाया जाएगा। उन्होंने कहा, धारा-370 ही वह कड़ी थी, जो कश्मीर में युवाओं को हथियार और पत्थर पकड़ा रही थी।

**आतंकवाद पर अमित शाह की टिप्पणी-** अमित शाह ने आतंकवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा, 2014 तक जम्मू-कश्मीर पर आतंकवाद और अलगाववाद की छाया रही। विभिन्न राज्य और गैर-राज्य कर्ता इस क्षेत्र को अस्थिर करते रहे। सभी सरकारों ने जम्मू-कश्मीर के साथ तुष्टिकरण की राजनीति की। लेकिन 2014 के बाद के दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल के रूप में चिह्नित होंगे।

भाजपा का घोषणापत्र आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उनकी व्यापक योजना और दृष्टिकोण को दर्शाता है, और इससे क्षेत्र में विकास और स्थिरता लाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कांग्रेस में शामिल हुए विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया; भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**नई दिल्ली** । आरएनएस



पिछले कुछ दिनों से चल रही कयासबाजी को विराम देते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने राजनीति के अखाड़े में उतरते हुए शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विनेश और बजरंग को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत बड़ा है। हम शुरू से ही पहलवानों के साथ रहे हैं और आगे भी रहेंगे। हमें इन दोनों ही पहलवानों पर गर्व है।

इससे कुछ देर पहले विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा देने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी।

दोनों ओलंपियन का पार्टी में स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, दोनों ही खिलाडिय़ों ने देश का दिल जीता है।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि मैं आज उस पार्टी में हूं, जो महिलाओं के साथ हमेशा रहती है। मैं मीडिया का भी धन्यवाद करना चाहूंगी कि वे हमारे साथ हमेशा रहे। हमारी आवाज को बुलंद करने में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई। मुश्किल समय में किसी ने हमारा साथ दिया, तो वह कांग्रेस थी। जब हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो हमारे साथ देश की हर पार्टी खड़ी थी, लेकिन भाजपा नहीं थी।

विनेश ने आगे कहा, हम कांग्रेस पार्टी और देश को मजबूत करेंगे। ग्राउंड पर रहकर काम करेंगे।

बजरंग पुनिया ने कहा, हम कांग्रेस के साथ हमेशा रहेंगे। पूरे देश की पार्टी मुश्किल वक्त में हमारे साथ थी, लेकिन भाजपा ने हमारा साथ नहीं दिया।

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने दोनों पहलवानों के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की थी। इस दौरान पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। खडग़े ने मुलाकात की तस्वीर भी अपने एक्स हैंडल पर साझा की थी। उन्होंने लिखा था, चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाक़ात। हमें आप दोनों पर गर्व है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी दोनों पहलवानों से मिले थे। उसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा अपने चरम पर पहुंच गई थी कि दोनों कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

विनेश और बजरंग के कांग्रेस में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को फायदा होगा। पार्टी ने अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। ऐसे में अब दोनों को किस सीट से उतारा जाता है, इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

## दर्दनाक हादसा: दो कारों और आटो के बीच भीषण भिड़ंत, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**बाराबंकी** । आरएनएस



उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के बड्डूपुर क्षेत्र में दो कार और एक ई-रिक्शा के बीच हुई भिड़ंत में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बड्डूपुर क्षेत्र के इन्होतापुर गांव के पास महमूदाबाद से आ रहे ई रिक्शा की कार से टक्कर हो गई, जिसके बाद बेकाबू कार सडक़ के किनारे खाई में जा गिरी। इस बीच एक अन्य कार भी ई रिक्शा से टकरा गई, जिससे रिक्शा पर सवार लोग सडक़ पर गिर गए। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सडक़ पर गिरे लोगों को रौंद दिया।

उन्होने बताया कि इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान इरफान अनवर अली, अजीज अहमद, ताहिरा बानो, साबिया बानो और वहीदुल निशा के रूप में हुई है। घायलों में सायरा बानो, अक्सा और विवेक शामिल हैं।

## कोलकाता कांड में अब ईडी की एंट्री, पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता** । आरएनएस

कोलकाता रेप-मर्डर केस से जुड़े आरजी कर हॉस्पिटल मामले में ईडी ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीमें कम से कम 3 जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। ईडी की टीम हावड़ा, सोनारपुर और हुगली पहुंच चुकी है। हुगली में एक जगह आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी रिश्तेदारों का घर भी शामिल है। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी मामले में सीबीआई जांच कर रही है। जांच के दायरे में आए पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष सीबीआई की हिरासत में है। सीबीआई ने कोर्ट में 10 दिन की हिरासत की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने 8 दिन के हिरासत की मंजूरी दी। सीबीआई के बाद अब इस मामले में ईडी की भी एंट्री हो गई है। इससे पहले सीबीआई ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पीएमएलए का मामला दर्ज किया है।

9 अगस्त को तडक़े कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप करने के बाद हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद, आरोपी संजय रॉय की गिरफ्तारी हुई और उससे पूछताछ में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं। वारदात के बाद संजय रॉय ने जो किया, उसने पुलिस को कई सवालों में उलझा दिया है, पूछताछ के बाद सामने आई जानकारी के मुताबिक, वारदात के बाद संजय रॉय सीधे फोर्थ बटालियन गया और वहां जाकर सो गया। 10 अगस्त की सुबह जब वह उठा, तो उसने फिर से शराब पी और वापस सो गया।

पुलिस को शक होने पर उन्होंने अस्पताल के सेमिनार हॉल के आसपास के तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इन फुटेज में संजय रॉय की गतिविधियों के साथ-साथ अन्य लोगों की भी पहचान की गई।

## नाबालिगों को देहव्यापार में धकेलने वाली गैंग को पुलिस ने पकड़ : जयपुर से भोपाल भेजी जा रही तीन नाबालिग सहेलियों को अजमेर स्टेशन पर किया दस्तयाब

**जयपुर** । आरएनएस

हौसले के धनी और धूर्त गैंग ने जयपुर से तीन नाबालिग लड़कियों को देहव्यापार के जाल में फंसाने की कोशिश की, लेकिन अंत में पुलिस की सख्ती के सामने उनकी चालें बेनकाब हो गई। शुक्रवार को जयपुर पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया जो भोपाल में देहव्यापार के लिए लड़कियों को लाने का काम कर रहा था। गैंग के सरगना चंचल सोनी उर्फ विनोद (34) और उसके साथी आलोक कुमार (23) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने एक नाबालिग लडक़ी को भी पकड़ा, जो गैंग के लिए लड़कियों को फंसाने का काम करती थी।

**चंचल और आलोक का खेल-** डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि चंचल सोनी, जो विदिशा, मध्यप्रदेश का रहने वाला है, देहव्यापार का काम करता है। उसके साथ का आलोक कुमार, जो जालौन, उत्तर प्रदेश का है, लड़कियों की डिलीवरी और रिसीविंग का काम करता था। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**लालच और धोखे की कहानी-** आलोक कुमार ने एक नाबालिग लडक़ी को झांसा देकर देहव्यापार के लिए लड़कियों की व्यवस्था करने को कहा। उसने तीन नाबालिग सहेलियों को बहलाकर घर छोडऩे के लिए राजी किया और उन्हें जयपुर, अजमेर और भोपाल घुमाने का झांसा दिया। इन लड़कियों को घर से भगाने के बाद, उन्होंने अजमेर रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर भोपाल के टिकट दिए।

**रात की माया और पुलिस की सजगता-** 25 अगस्त को, तीनों नाबालिग लड़कियां घर से बिना बताए भाग गईं। आरोपी लडक़ी ने उन्हें ऑटो में बैठाकर सिंधीकैम्प ले जाया और वहां से कैब में अजमेर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया। स्टेशन पर पहुंचने पर, उन्हें भोपाल के टिकट दिए गए और कहा गया कि वहां आलोक से संपर्क करें। हालांकि, इन लड़कियों का संदेह बढऩे पर क्रक्कस्न की महिला पुलिस कॉन्स्टेबल पिंकी जाट और हंसा कुमारी ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने लड़कियों को रोककर पूछताछ की और उन्हें सुरक्षित किया। इसके बाद, आरोपियों को पकडऩे के लिए कार्रवाई शुरू की गई।

**पुलिस ने किया गैंग का खात्मा-** तीनों लड़कियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। आरोपी नाबालिग लडक़ी ने पुलिस को बताया कि वह लड़कियों को देहव्यापार के लिए भोपाल भेज रही थी। इसके बाद, पुलिस ने भोपाल में छापेमारी की और आलोक कुमार को पकड़ लिया। चंचल सोनी भी 6 सितंबर को जयपुर लौटते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में चंचल ने स्वीकार किया कि वह लड़कियों के साथ फ्लैट में देहव्यापार करता है और कमाई का आधा हिस्सा लड़कियों को देता है जबकि बाकी खुद रखता है। पुलिस की इस कार्रवाई ने देहव्यापार के इस जघन्य अपराध को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है।